**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक सितम्बर 28, 2026 दिन सोमवार को 03:00 बजे (अपरान्ह) विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 29वीं बैठक का संशोधित कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 29वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रभाकर चन्द्र मिश्रा, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के प्रतिनिधि प्रो0 पवन चक्रवर्ती, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेश्वरी पाण्डेय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नरेश कुमार नागवानी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 के0 के0 पंत, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नीरज सिन्हा, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 बिनोद कुमार कनौजिया, निदेशक, डॉ0 बी0आर0 अंबेडकर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 5. | प्रो0 दिप्तीक परमार, प्रतिकुलपति एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष प्लास्टिक विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलॉजिकल साइंसेज़, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राजेश कुमार वर्मा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0के0एस0 यादव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 संजीव कुमार, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 विवेक कुमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग एवं विभागाध्यक्ष केमिकल इंजी0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 अर्चना सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 अजय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 23. | डा0 नीरज प्रफुल्ल अवस्थी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | प्रो0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 30. | श्री साहित्य कुमार कटियार, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | श्री अमित कुमार राठौर, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 32. | डा0 अमित कुमार राठौर, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 33. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 34. | डा0 नन्द किशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | विशेष आमंत्री |
| 35. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीतालक्ष्मी के0, अधिष्ठाता, यू0जी0, अ0क0प्रा0वि0, प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026–27 जुलाई 22, 2026 से प्रारंभ हो चुका है।

2. प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी सीटें भर चुकी हैं। इस वर्ष कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग में B.Tech. in AI/ML तथा इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग में M.Tech. in Singal Processing & Machine Learning शुरू किया गया।

3. नवप्रवेशित छात्रों हेतु 10 दिनों का इन्डक्शन प्रोग्राम कराया गया, जिसमें विभिन्न विषयों में जानकारी दी गयी।

4. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026–27 से प्रथम वर्ष में बी0टेक0 में प्रवेशित छात्रों हेतु संशोधित कोर्स स्ट्रक्चर एवं सेलैबस लागू कर दिया गया है।

5. इस शैक्षिक सत्र में अभी तक 20 कम्पनियों द्वारा 130 छात्रों को प्लेसमेन्ट प्राप्त हुये हैं।

6. NABL Expert Team द्वारा 22–23 अगस्त, 2026 को ऑयल टेक्नोलॉजी विभाग का दौरा किया गया और इसकी एक प्रयोगशाला को 16 मापदंडों के लिए NABL की मान्यता प्राप्त हेतु संस्तुति की है।

7. सितम्बर 12–13, 2026 को AI मन्थन–2.0 का आयोजन सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय में किया गया, जिसका खर्च सभी 40 विश्वविद्यालयों द्वारा वहन किया गया तथा सभी विश्वविद्यालयों से लगभग 10 शिक्षकों/अधिकारियों ने भाग लेकर AI के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

8. सहायक प्रोफेसर (ऑन कान्ट्रेक्ट) की भर्ती पूरी हो चुकी है और 88 संकाय सदस्य विश्वविद्यालय में ज्वाइन कर चुके हैं। इसी के साथ 02 प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, 04 एडजंक्ट प्रोफेसर, 01 विजिटिंग प्रोफेसर तथा 01 इमेरिटस प्रोफेसर भर्ती किये गये हैं।

9. विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 10/07/2026 को आयोजित किया गया था। समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने की। 996 डिग्री, 81 माइनर डिग्री प्रदान की जा चुकी हैं। डिग्रियां तथा मार्कसीट्स डिजिलॉकर में अपलोड कर दी गई हैं।

10. नये 100 टी0बी0 मरीजों को एडॉप्ट किया गया तथा पोषण पोटली दी जा रही है। पिछले वर्ष 43 पेशेन्ट ठीक हो चुके हैं।

11. गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीक्षान्त समारोह के दिन 100 आंगनबाड़ी किट बांटी गयी है।

12. विश्वविद्यालय में "Centre of Excellence in AI" की स्थापना हेतु हमने शासन को सहमति दी है, जिसमें 08.00 करोड़ भारत सरकार, 08.00 करोड़ उ0प्र0 शासन और 04.00 करोड़ इन्डस्ट्री पार्टनर अथवा विश्वविद्यालय द्वारा दिये जायेगें।

13. Start-in UP से HBTU-TBI को अक्टूबर, 2025 से अनुदान प्रतिपूर्ति के आधार पर आना शुरू हो गयी है तथा 2.5 लाख से बढ़कर 10 लाख प्रति तिमाही हो गयी है। यह योजना 05 वर्षों के लिये है।

14. विश्वविद्यालय में एलोपैथिक के साथ राजकीय होम्योपैथिक कालेज, कानपुर के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में छात्रों तथा विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों हेतु हर बुधवार को होम्यापैथिक ओ0पी0डी0 शुरू की गयी।

15. विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों हेतु CO/PO मैपिंग में 03 दिवसीय कार्यशाला (22–24 अगस्त, 2026) सम्पन्न की गयी।

16. 04 टेनिस कोर्ट/01 टाइप–5 क्वार्टर/स्कूल ऑफ इन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट स्टडीज के 15 क्लासरूम/कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के 04 क्लासरूम/इन्नोवशन बिल्डिंग बनकर छात्रों हेतु तैयार हो गये है तथा मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा इनका उद्घाटन कर दिया गया है। साथ ही साथ HBTU मित्र, ब्रान्च चेंज साफ्टवेयर, छात्रावास एलॉटमेन्ट सिस्टम, फीस एनालाइजर एवं वेरीफायर साफ्टवेयर का भी शुभारंभ हुआ।

17. छात्रों की छात्रावास की मांग को देखते हुये 100 बेड के दो छात्रावासों के साथ–साथ कॉमन रूमों का भी पार्टीशन करके अन्य लगभग 100 छात्रों को दिया गया।

VDixit

18. एक छात्रावास में किचन आटोमेशन का कार्य पूरा हो चुका है (एल्यूमिनी द्वारा), अगले चार छात्रावासों में (विश्वविद्यालय फण्ड से 2 छात्रावास, एक और एल्युमिनी द्वारा, एक "वर्ष 2000 बैच" के एल्युमिनी द्वारा) लगाई जानी है तथा सभी छात्रावासों में वाशिंग मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

19. 33/11 केवी सब स्टेशन, 1.5 मेगावॉट सोलर, बैडमिंटन हॉल, टेबल टेनिस, स्टडी कक्ष, एक छात्र एवं छात्रा छात्रावासों, टाइप–4 के आवासों का काम तेजी से चल रहा है तथा शीघ्र ही उद्घाटन किया जायेगा।

20. नई बस खरीदने की प्रक्रिया चल रही है तथा दिसम्बर 2026 तक आने की आशा है। इस प्रकार पश्चिमी प्रांगण में रह रहे लगभग 1000 छात्रों तथा शिक्षकों हेतु आवागमन सुगम हो जायेगा।

21. रूसा से कुछ अनुदान प्राप्त हो गया है तथा क्रय प्रक्रिया चल रही है।

22. निष्प्रयोज्य सामानों की लिस्ट विभागों से लेकर नीलामी हेतु कार्यवाही की जा रही है।

**मद सं0 29.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 30.06.2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 30.06.2026 को सम्पन्न 28वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 29.02 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 30.06.2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 30.06.2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी। इसके साथ ही मद संख्या 28.05 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में बढ़े हुए पात्र उपाधिधारक छात्र–छात्राओं को दिनांक 10.07.2026 को सम्पन्न अष्टम दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0–585, एम0सी0ए0– 73, एम0एस0सी0–40, एम0टेक0–53 एम0बी0ए0–182, बी0बी0ए0–48 एवं पी0एच0डी0 के 15 छात्र–छात्राओं, कुल–996 को उपाधियाँ तथा 80 माइनर डिग्री सर्टिफिकेट एवं 02 मेजर डिग्री सर्टिफिकेट भी प्रदान की गयी। उक्त से मा0 परिषद् को संज्ञानित किया गया।

**मद सं0 29.03 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2026–27 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2026–27 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार किया। साथ ही प्रो0 सेवायोजन द्वारा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया, जिस पर परिषद् ने संतोष व्यक्त किया तथा टीम को बधाई दी।

**मद सं0 29.04** **विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल इंजी0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 12.08.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल इंजी0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 29.05** **विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 19.08.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 29.06** **विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 14.07.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 29.07** **विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 22.07.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 29.08** **विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 21.07.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

VDixit

**मद सं0 29.09 विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 07.08.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिए गए निर्णयों का संज्ञान लेते हुए बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार, III Semester में संचालित विषय Computer Oriented Numerical Methods तथा IV Semester में संचालित विषय Mathematics-II को परस्पर स्थानांतरित किए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के क्रम में, परषिद् द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन–जिन विभागों में उक्त पाठ्यक्रम/विषय संचालित किए जा रहे हैं, उन सभी विभागों में Uniformity लागू की जाए। अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप द्वारा सभी विभागों को अवगत करा दिया जाए।

**मद सं0 29.10 विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की बोर्ड ऑफ Examinations की दिनांक 06.07.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुए, परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया कि पुनः प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं को Honours Degree प्रदान नहीं की जाएगी।

उक्त के साथ ही, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में लिये गये अन्य निर्णयों का भी संज्ञान लेते हुए, बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 29.11 विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2027–28 से (B.Tech. in Chemical Engineering) (Artificial Intelligence and Machine Learning) नवीन स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने के संबंध में।**

केमिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा B.Tech. in Chemical Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning) नवीन स्नातक पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2027–28 से 60 सीटों के साथ स्व–वित्तपोषित योजना के तहत प्रारम्भ किए जाने पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी। तथा उक्त के साथ ही पाठ्यक्रम के विस्तृत कोर्स स्ट्रक्चर, स्कीम, Syllabus, प्रवेश–अर्हता, शुल्क एवं अन्य प्रावधानों को विभागीय बोर्ड ऑफ स्टडीज़ (BOS) के माध्यम से आगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किया जाए।

मद सं0 29.12 **विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रेषित प्रथम वर्ष के इंजीनियरिंग एवं केमिकल टेक्नोलॉजी शाखाओं के छात्र–छात्राओं हेतु English for Technical Writing (DHS102/202) पाठ्यक्रम के अनुमोदन के संबंध में।**

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के समस्त Engineering एवं Chemical Technology शाखाओं के छात्र–छात्राओं हेतु English for Technical Writing (DHS102/202) विषय का पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026–27 से लागू किए जाने के प्रस्ताव का परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 29.13 **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के Readmission हेतु निर्धारित शुल्क के संबंध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदत्त अनुमोदन का मा0 विद्या परिषद से Ratification प्राप्त किए जाने के संबंध में।**

विद्या परिषद की 22वीं बैठक दिनांक 14.11.2024 के कार्यसूची मद संख्या 22.06 के अंतर्गत विश्वविद्यालय के संचालित पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र–छात्राओं के Readmission के संबंध में निर्णय लिया गया था।

| Sl. No. | Programme | Tuition Fees | One-third Tuition Fee (Rounded Off) | Examination Fee (₹) | Total Payable Fee (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B.Tech. / B.Pharm. | 75,000 | 25,000 | 7,000 | **32,000** |
| 2. | BBA / BS-MS | 35,000 | 11,700 | 5,000 | **16,700** |
| 3. | MCA | 60,000 | 20,000 | 7,000 | **27,000** |
| 4. | M.Tech. | 40,000 | 13,400 | 5,000 | **18,400** |
| 5. | MBA | 80,000 | 26,700 | 7,000 | **33,700** |
| 6. | M.Sc. (Mathematics /Physics/Chemistry) | 15,000 | 5,000 | 5,000 | **10,000** |
| 7. | M.Sc. (Biochemistry/ Biotechnology) | 40,000 | 13,400 | 6,000 | **19,400** |

उक्त निर्णय के क्रम में पुनः प्रवेश हेतु संबंधित पाठ्यक्रम के Tuition Fee का एक–तिहाई भाग (निकटतम ₹100 तक पूर्णांकित) तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क लिए जाने के प्रस्ताव पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्राप्त अनुमोदन से परिषद् संज्ञानित हुई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया।

**मद सं0 29.14 विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम (बायोकेमिकल इंजीनियरिंग) की छात्रा सुश्री मिस्बा खान को CSIR-IITR – इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ में Dissertation Work करने की अनुमति प्रदान किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के M.Tech. (Biochemical Engineering), की द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री मिस्बा खान (Roll No- 250201004) द्वारा CSIR-Indian Institute of Toxicology Research (CSIR&IITR), Lucknow में दिनांक 01.09.2026 से 31.05.2027 तक Dissertation Work किए जाने के सम्बन्ध में परिषद् ने प्रकरण पर विचारोपरांत मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन का Ratification किया। साथ ही, भविष्य में इस प्रकार के प्रकरणों के सुव्यवस्थित एवं एकरूप निस्तारण हेतु एक समिति के माध्यम से आवश्यक निर्णय लेते हुए संबंधित Ordinance में प्रावधान/संशोधन किए जाने हेतु की अनुमति प्रदान की।

**मद सं0 29.15 विश्वविद्यालय के Ph.D. Ordinance के Point No. 10.1(b) में शोध–पत्र प्रकाशन संबंधी प्रावधान में संशोधन किए जाने के संबंध में।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के Ph.D. Ordinance के Point No. 10.1(b) में मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्राप्त अनुमोदन से परिषद् संज्ञानित हुई एवं परिषद् द्वारा प्रकरण का Ratification किया गया।

| Exiting Condition 10.1 (b) | Proposed Condition 10.1 (b) |
|---|---|
| Publication of at least two research papers, with one research paper in SCI/SCIE indexed and the other one in SCI/SCIE/SCOPUS/ESCI/ ABDC indexed journals. | Publication of at least two research papers, with one research paper in SCI/SCIE/SSCI/ABDC (Category A*/A) indexed and the other one in SCI/SCIE/SCOPUS/ESCI/ABDC (Category A*/A/B) indexed journals*. |

इसके साथ विद्या परिषद् द्वारा कान्फ्रेन्स पेपर का प्रोसीडिंग में प्रिंट होने की बजाय प्रजेन्टेशन को ही थीसिस जमा करने के लिए अनिवार्यता के माने जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। (Para 9.4 of UGC Notification Dated 05.05.2016)

**मद सं0 29.16 विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026–27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति का ब्यौरे पर विद्या परिषद् के अनुमोदन के सम्बन्ध में ।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2026–27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में हुए प्रवेश के ब्यौरे पर संतोष व्यक्त किया। अवगत हों कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026-27 में B.Tech - 1040, B.Tech (Lateral Entry) - 29, B.Pharm - 68, BS-MS - 60, BBA - 114, M.Tech - 72, MCA - 78, MSC - 85, MBA - 240 कुल 1846 प्रवेश हुए है से मा0 परिषद् संज्ञानित हुई एवं इसके अतिरिक्त Ph.D. (Winter Session 2025-26) में प्रवेश कि संख्या 52 से भी मा0 परिषद् को संज्ञानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त परिषद् द्वारा निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये गये–

1. विगत 02 वर्षों (2025–26 एवं 2026–27) में बी0टेक0 वर्किंग प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में AICTE के दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रवेश हेतु अत्यन्त कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने तथा उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश न होने के दृष्टिगत, उक्त पाठ्यक्रम को बंद/Suspend किए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।
2. विगत 02 वर्षों (2025–26 एवं 2026–27) में कतिपय विभागों में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रमों में हुए कम प्रवेश के संबंध में दिनांक 24.09.2026 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आहूत बैठक का संज्ञान लेते हुए यह निर्देश दिये कि सभी विभागों द्वारा अपने कोर्स को वर्तमान समय की मांग के अनुसार Revamp करते हुए आगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किया जाए।

**मद सं0 29.17 विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों हेतु बी0ओ0एस0 पैनल में विद्या परिषद् द्वारा दो विशेषज्ञों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा समस्त विभागों से प्राप्त विभागीय BOS हेतु नामित किये जाने वाले सदस्यों के नामों पर सम्यक विचारोपरान्त सदस्यों का चयन किया गया जिनका विवरण निम्नलिखित है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **Civil Engineering** | | |
| 1. | Prof. Priyanka Ghosh,<br>Department of Civil Engineering, IIT Kanpur – 208016, UP, India | 2. | Prof. Rçwan Khan,<br>Department of Civil Engineering, AMU Aligarh |
| | **Computer Science & Engineering** | | |
| 1. | Dr. Vijendra Singh,<br>Professor, Department of IT, IIIT Allahabad. | 2. | Prof. Amey Karkare<br>Computer Science & Engineering IIT Kanpur |
| | **Mechanical Engineering** | | |
| 1. | Dr. Kantesh Balani,<br>Professor, Department of Material Science & Engineering, IIT, Kanpur | 2. | Dr. Inderdeep Singh,<br>Professor, Department of Mechanical Engineering & Industrial Engineering, IIT Roorkee, UK |
| | **Electrical Engineering** | | |
| 1. | Dr. Ankush Sharma<br>Professor, Deptt. of Electrical Engineering IIT Kanpur-208016, Uttar Pradesh, India | 2. | Dr. Vijander Singh<br>Professor, Deptt. of Instrumentation and Control Engineering (NSUT) |
| | **Electronics Engineering** | | |
| 1. | Dr. Y. N. Singh,<br>EE Department, IIT Kanpur | 2. | Dr. B. S. Raghavendra,<br>Department of ECE, NIT Karnataka, Surathkal |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **Chemical Engineering** | | |
| 1. | Prof. Amit Kumar Dhiman,<br>Chemical Engineering, IIT Roorkee | 2. | Prof. Arvind Kumar Mungray,<br>Chemical Engineering, SVNIT Surat |
| | **Bio-Chemical Engineering** | | |
| 1. | Prof. Ashok Kumar<br>Biological Sciences and Bioengineering<br>IIT Kanpur | 2. | Prof. Chandrajit Balomajumder,<br>Professor, Department of Chemical Engineering, IIT Roorkee, 247667 |
| | **Food Technology** | | |
| 1. | Prof. H.K. Sharma,<br>Professor, Department of Food Engineering & Technology, SLIET, Longowal, Sangrur, Punjab | 2. | Prof. Ashutosh Upadhyay,<br>Professor, Department of Food Science and Technology, NIFTEM, Kundli, Haryana |
| | **Oil Technology** | | |
| 1. | Prof. R.P. Singh<br>Ex-Director, HBTI Kanpur | 2. | Prof. Amit P. Pratap<br>Professor, Department of Oils, Oleochemicals and Surfactants Technology, Institute of Chemical Technology, Mumbai |
| | **Paint Technology** | | |
| 1. | Dr. Anagha Sabnis,<br>Professor & Head, Department of Polymer and Surface Studies Institute of Chemical Technology Matunga, Mumbai | 2. | Dr. S.T. Mhaske,<br>Professor, Department of Polymer and Surface Studies Institute of Chemical Technology. Matunga, Mumbai |
| | **Plastic Technology** | | |
| 1. | Prof. Sadhana Sachan,<br>Prof. & Head, Department of Chemical Engineering, MNNIT, Prayagraj | 2. | Prof. Ram Prakash Bharti,<br>Professor, Department of Chemical Engineering, IIT Roorkee |
| | **Leather & Faishon Technology** | | |
| 1. | Prof. Shailendra Bajpai<br>Center for Energy and Environment<br>NIT, Jalandhar | 2. | Mr. Abhinandan Kumar,<br>Sr. Principal Scientist, CSIR-CLRI Wazidpur, Kanpur |
| | **Chemistry** | | |
| 1. | Prof. Manas Kumar Ghorai,<br>Department of Chemistry, IIT, Kanpur | 2. | Prof. P. K. Dutta,<br>Department of Chemistry, MNNIT Allahabad |
| | **Physics** | | |
| 1. | Dr. P. C. Pandey,<br>Professor, Department of Physics, IIT-BHU, Varanasi-221005 | 2. | Dr. D. K. Dwivedi,<br>Professor, Department of Physics and Material Science, MMMUT, Gorakhpur-273008 |
| | **Mathematics** | | |
| 1. | Prof. H.C. Taneja,<br>Department of Applied Mathematics, DU, Delhi | 2. | Prof. B. V. Rathish Kumar,<br>Department of Mathematics, IIT Kanpur |
| | **Humanities (English)** | | |
| 1. | Dr. N. P. Sudharshana,<br>Associate Professor, Dept. of HSS, IIT Kanpur | 2. | Prof. R. P. Singh,<br>Professor, Dept. of English & MEL, University of Lucknow |
| | **Humanities (Economics)** | | |
| 1. | Prof. Vimal Kumar,<br>Dept. of Economics, IIT Kanpur | 2. | Prof. Devendra Kumar Yadav,<br>Dept. of Economics, BBAU, Lucknow |
| | **Humanities (Management)** | | |
| 1. | Prof. Taruna,<br>Dept. of Management Studies, BBAU, Lucknow | 2. | Prof. Nishant Singh,<br>Dept. of Business Administration, University of Lucknow |
| | **Biotechnology** | | |
| 1. | Prof. Anjana Pandey,<br>Department of Biotechnology, MNNIT Allahabad, Prayagraj | 2. | Dr. Meenal Rathore,<br>Principal Scientist, ICAR-IIPR, Kanpur |
| | **Pharmaceutical Sciences** | | |
| 1. | Dr. Manish Chaurasia,<br>Principal Scientist & Head, Pharmaceuticals Division, CSIR-CDRI, Lucknow | 2. | Prof. Umesh K. Patil,<br>Head, Department of Pharmaceutical Sciences, Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar, M.P. |

**मद सं0 29.18 विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों हेतु चयन तथा अर्ह शिक्षकों के प्रमोशन हेतु विशेषज्ञों के पैनल पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में नियमित शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों की चयन प्रक्रिया हेतु प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 4434/सोलह–1–2019–08(03)/2018 दिनांक 25/11/2019 में व्यवस्था प्रदान की गयी है। उक्त व्यवस्था के अनुसार नियमित शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों हेतु विशेषज्ञों के पैनल की सूची पर संस्तुति प्रदान की गयी।

**मद सं0 29.19 विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के गम्भीर चिकित्सीय कारणों (Critical Medical Condition) से मिड टर्म परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, ऐसे छात्र/छात्राओं के लिए पुनः मिड टर्म परीक्षा आयोजित किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के गम्भीर चिकित्सीय कारणों (Critical Medical Condition) से मिड टर्म परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, ऐसे छात्र/छात्राओं के लिए पुनः मिड टर्म परीक्षा आयोजित किए जाने के संबंध में परिषद् ने ऐसे प्रकरणों पर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 29.20 विश्वविद्यालय के B.Tech. Mechanical Engineering एवं M.Tech. CAD पाठ्यक्रमों के Open Elective विषयों के संशोधित कोड के अनुमोदन के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा पत्र संख्या 524/MED/Ext./2026 दिनांक 23.09.2026 के माध्यम से B.Tech. Mechanical Engineering एवं M.Tech. CAD पाठ्यक्रमों में संचालित Open Elective विषयों के कोड में एकरूपता सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित संशोधित कोड पर परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

| Programme | Year | Semester | Existing Open Elective Subject Code with Credits | Corrected Open Elective Subject Code with Credits | Open Elective Subject Name |
|---|---|---|---|---|---|
| **B.Tech. Mechanical Engineering** | Third | 5th | OME-341 2[2-0-0] | **OME-301 2[2-0-0]** | Solar Energy |
| | | | OME-343 2[2-0-0] | **OME-303 2[2-0-0]** | Industrial Engg. and Automation |
| **B.Tech. Mechanical Engineering** | Fourth | 7th | OME-471 2[2-0-0] | **OME-401 2[2-0-0]** | Composite Materials |
| | | | OME-473 2[2-0-0] | **OME-403 2[2-0-0]** | Optimçation Methods in Engg. |
| | | 8th | OME-482 2[2-0-0] | **OME-402 2[2-0-0]** | Total Quality Management |
| | | | OME-484 2[2-0-0] | **OME-404 2[2-0-0]** | 3D Printing |
| **M.Tech. CAD** | Second | 3rd | NME-617 3[3-0-0] | **OME-601 3[3-0-0]** | Design of Experiments |
| | | | NME-619 3[3-0-0] | **OME-603 3[3-0-0]** | Solar Energy |

**मद सं0 29.21 विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026–27 से B. Pharm. पाठ्यक्रम हेतु द्वितीय Ordinances के अनुमोदन के संबंध में।**

विश्वविद्यालय Department of Pharmaceutical Sciences, School of Pharmaceutical and Biological Sciences द्वारा B. Pharm. पाठ्यक्रम हेतु तैयार किये गये नवीन Second Ordinances पर अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही परिषद् द्वारा यह निर्देश दिये गये की Second Ordinances को Ammended Ordinance one के रूप में पढ़ा जाए।

**मद सं0 29.22 विश्वविद्यालय के B.Tech. Oil Technology के प्रथम वर्ष में संचालित विषय Introduction to Oils and Oleochemicals (DOT-101) के संशोधित पाठ्यक्रम के अनुमोदन के संबंध में।**

परिषद् द्वारा Department of Oil Technology द्वारा प्रस्तुत B.Tech. Oil Technology के प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं हेतु Introduction to Oils and Oleochemicals (DOT-101) विषय के नवीन पाठ्यक्रम पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 29.23 विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024–25 के B.Tech. (Electronics Engineering) उत्तीर्ण छात्रा सुश्री प्रतिमा मिश्रा रोल नं0 210006005 को Academic Improvement Examination में सम्मिलित होने हेतु विशेष अनुमति प्रदान किए जाने के प्रकरण के संबंध में।**

परिषद् द्वारा प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त किसी भी प्रकार के Academic Improvement की व्यवस्था को लागू नहीं किया जायेगा।

**मद सं0 29.24 विश्वविद्यालय के प्लास्टिक टेक0 विभाग द्वारा बी0टेक0 प्रथम वर्ष हेतु नवीन विषय DPL 101 FUNDAMENTAL CONCEPTS OF PLASTIC TECHNOLOGY लागू किये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के प्लास्टिक टेक0 विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा दिनांक 26.09.2026 को ई–मेल के माध्यम से बी0टेक0 प्रथम वर्ष हेतु नवीन विषय DPL 101 FUNDAMENTAL CONCEPTS OF PLASTIC TECHNOLOGY लागू किये जाने के प्रस्ताव पर परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 29.25 **विश्वविद्यालय के रसायन विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 22.08. 2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के रसायन विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 29.26 **विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा बी0टेक0 प्रथम वर्ष हेतु नवीन कोर्स कोड NPH101/102 to DPH 101/102 एवं पुराने कोर्स टाइटल Engineering Physics to Physics लागू किये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के बी0टेक0 प्रथम वर्ष हेतु नवीन कोर्स कोड NPH101/102 to DPH 101/102 एवं पुराने कोर्स टाइटल Engineering Physics to Physics लागू किये जाने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय/उपस्थित समस्त सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

07/10/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्